>

Title: Need to provide electricity under Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति महोदय, आज यह ज्वलंत मुद्दा है कि हमारे गांव क्षेत्र में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का आरंभ अप्रैल, 2005 में हुआ, तब यह लगा था कि अब गांव में अंधेरा छटेगा और गांव के बच्चों को पठन-पाठन की सुविधा मिलेगी। पर सदन को बताते हुए खेद हो रहा है कि सरकार अपने कुछ नेताओं के नाम पर वाहवाही लूटने हेतु गांव में बोर्ड लगा देती है और कुछ गांव में पोल भी गड़ गए हैं। परंतु इन गांवों की दलित बस्तियों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। इस योजना से किसी टोले में बिजली देने की बात होती है, तो दूसरे टोले में बिजली देने की बात अगले साल के लिए की जाती है। इस योजना के अंतर्गत जो ट्रंसफार्मर्स होते हैं, वह इतनी कम क्षमता व वजन के होते हैं। जिससे ये जल जाते हैं या चोरी हो जाते हैं। खेद के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र, शिवहर में सरकारी आंकड़ों में 54 गांव, मेरे पड़ोस सीतामढ़ी में 245 गांव एवं पूर्वी चम्पारण जिले में 96 गांव ऐसे हैं जिनमें 11वीं योजना की शुरुआत तक बिजली नहीं थी। इन पर इस योजना के अंतर्गत उपरोक्त कार्य असंतोषजनक ढंग से हो रहा है। जिन गांवों में बिजली पहुंचाने की बात की जाती है उन गांवों के सभी टोले में बिजली नहीं दी जाती है। गांव के कुछ ही घरों में बिजली का कनेक्शन है उसकी भी आपूर्ति नहीं हो रही है। माननीय विद्युत मंत्री जी बताते हैं कि राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के कार्यों की निगरानी ग्रामीण विकास की तर्ज पर सांसद कर सकते हैं, परन्तु आज तक कोई एजेन्डा मेरे संसदीय क्षेत्र की निगरानी बैठक में नहीं रखा गया है और न ही जिला स्तर पर अलग से कोई बैठक की गई है। मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के गांव में बुनियादी आवश्यकता, बिजली को गांव तक पहुंचाने का कार्य, ग्रामीणों की सुविधा के उद्देश्य से चलाया जाए न कि सिर्फ नेताओं के प्रचार हेतु चलाया जाए। यह पूरे देश की समस्या है। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN :

Shri Ghyanshyam Anuragi may be allowed to associate with the submissions of Smt. Rama Devi.